# सांकेतिक भाषा (Coding & Decoding)

❑ लगभग सभी तर्कशक्ति परीक्षण प्रश्न पत्र में 3-4 प्रश्न सांकेतिक भाषा से सम्बन्धित होते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों में किसी शब्द, अक्षर या अंक को कूटबद्ध या प्रतीकात्मक रूप में लिखा जाता है। सांकेतिक भाषा से सम्बन्धित प्रश्न तीन प्रकार के होते हैं–

(1) शब्द-कूट, (2) अक्षर-कूट, (3) संख्या-कूट।

## ❑ शब्द कूट (Word Code)

शब्द-कूट से सम्बन्धित प्रश्नों में शब्द समूहों को अलग-अलग प्रकार से कूटबद्ध किया जाता है तथा किसी खास शब्द के लिए प्रयुक्त कूट (Code) पूछा जाता है। जैसे–

**उदाहरण—**यदि किसी सांकेतिक भाषा (Code Language) में–

(1) 'Mxy Das Zci' का अर्थ है 'अच्छी छोटी फ्राक'

(2) 'Jmx Cos Zci' का अर्थ है 'लड़की बहुत अच्छी'

(3) 'Nvg Drs Cos' का अर्थ है 'लड़की करती शैतानी'

(4) 'Das Ajp Cos' का अर्थ है 'छोटी लड़की गिरी'

इस सांकेतिक भाषा में फ्राक शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(a) Nvg (b) Zci

(c) Mxy (d) Das

**उत्तर–(c)**

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए दी गई सांकेतिक भाषा को समझना आवश्यक होता है। उपरोक्त प्रश्न में प्रथम एवं द्वितीय कूट वाक्यों पर दृष्टिपात करने पर पता चलता है कि दोनों कूट भाषाओं में `Zci' उभयनिष्ठ है, जबकि अर्थ वाक्यों में 'अच्छी' उभयनिष्ठ है स्पष्ट है कि अच्छी का कूट `Zci' है। इसी प्रकार प्रथम और चतुर्थ कूट वाक्यों में Das उभयनिष्ठ है तथा अर्थ वाक्यों में छोटी उभयनिष्ठ है। स्पष्ट है कि छोटी का कूट `Das' है। अब हमें प्रथम वाक्य में छोटी और अच्छी का कूट ज्ञात हो गया है। स्पष्ट है कि शेष बचा फ्राक का कूट Mxy होगा। इस तरह के प्रश्नों के हल के लिए सर्वप्रथम यह देखना चाहिए कि किस वाक्य में निहित शब्द का कूट पूछा गया है। इसके बाद उस वाक्य में निहित अन्य शब्दों का कूट अन्य वाक्यों से तुलना करके ज्ञात कर लेना चाहिए। शेष बचा कूट ही पूछे गए शब्द का कूट होगा।

## ❑ अक्षर-कूट (Letter Code)

अक्षर-कूट के प्रश्नों में किसी शब्द के प्रत्येक अक्षर के लिए एक कूट अक्षर रहता है। इस प्रकार बने कूट-शब्द के आधार पर प्रश्न में पूछे गए शब्द को कूटबद्ध करना होता है। कभी-कभी इसके विपरीत कूट शब्द को अर्थ-शब्द में बदलना होता है।

**उदाहरण–**एक विशेष सांकेतिक भाषा में HOUSE को GNTRD लिखा जाता है, उसी सांकेतिक भाषा में ALLAHABAD को किस प्रकार लिखा जाएगा?

**हल–**




चित्र से स्पष्ट है कि HOUSE के प्रत्येक अक्षर को एक अक्षर पीछे कूट किया गया है अर्थात H का कोड इसके ठीक एक अक्षर पीछे G है, इसी प्रकार O का कोड N, U का कोड T तथा S, E का कोड क्रमशः R, D है।

इसी प्रकार–




(प्रश्न में पूछे गए शब्द ALLAHABAD का कूट प्रत्येक अक्षर के ठीक पहले का अक्षर प्रयुक्त करके ज्ञात कर लिया गया। तर्कशक्ति में A के ठीक पहले का अक्षर Z माना जाता है इसी प्रकार Z के ठीक बाद का अक्षर A माना जाता है।)

इसी प्रकार अक्षर कूट के निम्नलिखित प्रकार हो सकते हैं–

(A) **प्रत्येक अक्षर का कूट उसका अगला अक्षर है, जैसे–**

शब्द कूट-शब्द




(उपरोक्त उदाहरण में SPORT का कूट इसके प्रत्येक अक्षर के अगले अक्षर से निर्मित किया गया है।)

(B) **वर्णमाला के दो या दो से अधिक अक्षरों को (आगे या पीछे) छोड़कर कूट-शब्द ज्ञात करना।**

जैसे–










(C) **अक्षरों की संख्या में उत्तरोत्तर घट-बढ़ के आधार पर शब्द को कूटबद्ध करना, जैसे–**







(D) **शब्दाक्षरों को कूटबद्ध करके उन्हें उल्टा क्रम में सजाना–जैसे–**




R को S के रूप में (R + 1 = S) कूटबद्ध किया गया परन्तु कूट शब्द में S को प्रथम स्थान की जगह अंतिम स्थान पर रखा गया है।

(E) **शब्द को अनेक भागों में विभाजित करके उल्टा रखना जैसे–**




शब्द Explaining को चार भागों में विभाजित करके उनके भागों को उल्टे क्रम में रखकर इसका कूट निर्मित किया गया है। जैसे–प्रथम भाग EXP का कूट PXE है।

(F) **सर्वनिष्ठ गुणों के आधार पर कूट ज्ञात करना–**

कभी-कभी शब्द के अक्षरों को इस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है कि कूटबद्ध किए गए अक्षरों का क्रम भिन्न होता है। इस प्रकार के प्रश्नों में सर्वनिष्ठ गुणों के आधार पर कूट ज्ञात करना होता है; जैसे–

ALLAHA $\rightarrow$ KKZGZZ

उपरोक्त H का कूट क्या है?

उपरोक्त प्रश्न में प्रश्न-शब्द में `A' तीन बार आया है, जबकि कूट शब्द में `Z' तीन बार आया है स्पष्ट है कि `A' का कूट `Z' है इसी प्रकार `L' का कूट `K' है। स्पष्ट है कि `H' का कूट `G' होगा।

## ❑ संख्या-कूट (Number Code)

इस प्रकार के प्रश्नों में अक्षरों को किसी नियम के अनुसार संख्याओं में कूटबद्ध किया जाता है। साधारणतः अंग्रेजी वर्णमाला क्रम की ''स्थान-संख्याओं'' के आधार पर ये नियम लागू होते हैं। स्थान संख्याएं इस प्रकार हैं–

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M | N |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z | | |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | | |

कभी-कभी संख्याएं उल्टे क्रम में भी होती हैं जैसे–

Z = 1, Y = 2, X = 3, ……. A = 26 इत्यादि।

स्थान संख्याओं के आधार पर निम्नलिखित नियम लागू किए जा सकते हैं; जैसे–

(i) कूट संख्या प्राप्त करने के लिए स्थान संख्याओं को जोड़ना–

जैसे–FOOT = 56 (F = 6, O = 15, T = 20)

(ii) कूट संख्या प्राप्त करने के लिए उनकी स्थान संख्याओं में कुछ जोड़ना या घटाना

(iii) कभी-कभी कूट संख्या प्राप्त करने के लिए अक्षरों की स्थान संख्याओं में एक निश्चित संख्या से गुणा या भाग भी किया जा सकता है।

इसी प्रकार के अनेक नियम लागू किए जा सकते हैं।

# परीक्षोपयोगी प्रश्न

**1. यदि किसी निश्चित भाषा में 'SYSTEM' का कूट 'RZRUDN' है, तो किस शब्द का कूट 'BPMUQPK' होगा?**

(a) CONTROL (b) CONTOUR
(c) TROLNOC (d) CONCERN

**उत्तर (a)**




∴ CONTROL = BPMUQPK

**2. किसी निश्चित सांकेतिक भाषा में 'TRIPPLE' को 'SQHOOKD' लिखा जाता है, उसी सांकेतिक भाषा में 'DISPOSE' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) CHROMRD (b) CHROMSD
(c) CHRONRD (d) CHROORD

**उत्तर (c)**




∴ DISPOSE = CHRONRD

**3. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में STREAMLINE को BFSUTDMHKL रूप में लिखा जाता है। बताएं कि उसी सांकेतिक भाषा में SCIENTIFIC किस रूप में लिखा जाएगा?**

(a) OFJDTBHEHS (b) OFJDTDJGJU
(c) OFJTBDHESH (d) OFJDTDGJUT

**उत्तर (a)**

सांकेतिक भाषा में

जिस प्रकार




उसी प्रकार




**4. किसी निश्चित संकेत में GIRDLE को HJSCKD लिखा जाता है, तो उसी संकेतानुसार SALVER को किस तरह लिखा जाएगा?**

(a) TBKUPS (b) RBKWDS
(c) TBMWFS (d) TBMUDQ

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




**5. एक निश्चित कूट में CLEAR को SBFMD और BONDS को TEOPC लिखा जाता है। इसी कूट में STALE को किस तरह लिखा जाएगा?**

(a) TUBMF (b) FMBUT
(c) DKZSR (d) BUTFM

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार




तथा इसी प्रकार BONDS का परिवर्तन होकर TEOPC लिखा जाता है।

इसी प्रकार STALE को सांकेतिक कूट में परिवर्तित करने पर-




**6. यदि निश्चित कूट में GATE को FATE लिखा जाता है और LUTE को KUTE लिखा जाता है, तो उस कूट में KITE को किस प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) JITE (b) LITE
(c) FITE (d) JUTE

**उत्तर (a)**




7. **एक निश्चित सांकेतिक भाषा में 'LUTE' को 'MUTE' और 'FATE' को 'GATE' के रूप में लिखा गया है, बताएं कि उस सांकेतिक भाषा में 'BLUE' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) CLUE (b) GLUE
(c) FLUE (d) SLUE

**उत्तर (a)**




8. **यदि किसी भाषा में 'KARNATAKA','LBSOBUBLB' के रूप में कूटित है, तो 'BOMBAY' किस प्रकार कूटित किया जाएगा?**

(a) CPNCBX (b) CPNCBZ
(c) CPOCBZ (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (b)**




9. **यदि किसी संकेत भाषा में, MIND बदलकर KGLB और ARGUE बदलकर YPESC हो जाता है, तो उसी संकेत भाषा में DIAGRAM को कैसे बदला जाएगा?**

(a) BGYEPYK (b) BGYPYEK
(c) GLPEYKB (d) LKBGYPK

**उत्तर (a)**




10. **किसी निश्चित सांकेतिक भाषा में 'DEAR' को 'FGCT' लिखा जाता है, उसी सांकेतिक भाषा में 'READ' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) TCFG (b) FGCF
(c) FCGF (d) TGCF

**उत्तर (d)**




11. **किसी निश्चित सांकेतिक भाषा में 'VICTORY' को 'YLFWRUB' लिखा जाता है, उसी सांकेतिक भाषा में 'FAILURE' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) IDLNXUH (b) JDLOXUM
(c) IDLOXVH (d) IDLOXUH
(e) उपर्युक्त में कोई नहीं

**उत्तर (d)**




12. **यदि किसी कूट में XYZ को ABC लिखा जाता है तो ABC को लिखा जाएगा—**

(a) XYZ (b) BCD

(c) DEF (d) CDE

उत्तर (c)




**13. यदि किसी निश्चित भाषा में GRASP को BMVNK कूट किया जाता है, तो कौन-सा शब्द CRANE कूट किया जाएगा?**

(a) FUDQH (b) HWFSJ

(c) GVERI (d) XMVIZ

उत्तर (d)




**14. किसी एक भाषा में 'SIGHT' को 'FVTUG' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'REVEAL' को कैसे लिखा जाएगा ?**

(a) YNRIRE

(b) DQHQMX

(c) FSJSOZ

(d) ERIRNY

उत्तर (d)




**15. यदि POND का RSTL कूट किया जाता है, तो उसी कूट में HEAR को किस प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) GHIJ (b) GHIZ

(c) JIGZ (d) JCLZ

उत्तर (c)




**16. यदि किसी कूट में ABC को BDF लिखा जाता है, तो DEF को लिखा जाएगा—**

(a) XYZ (b) EGI

(c) FHJ (d) MNO

उत्तर (b)




**17. यदि DELHI को संकेत के तौर पर CCIDD लिखा जाए, तो उसी संकेत भाषा में BOMBAY को कैसे लिखेंगे?**

(a) AJMTVT (b) AMJXVS

(c) MJXVSU (d) WXYZAX

उत्तर (b)



**18. किसी सांकेतिक भाषा में 'BEAT' को 'GIDV' लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में 'SOUP' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) XSYS (b) YSXR

(c) XSXR (d) XSXT

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार

B E A T → G I D V

+5, +4, +3, +2

उसी प्रकार

S O U P → X S X R

+5, +4, +3, +2

अतः SOUP → XSXR होगा।

**19. एक सांकेतिक भाषा में CALANDER को CLANAEDR के रूप में लिखा गया है। बताएं कि उसी सांकेतिक भाषा में CIRCULAR को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) ICCRLURA (b) CRIUCLRA

(c) ICRCLUAR (d) CRIUCALR

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार

C A L A N D E R → C L A N A E D R
1 2 3 4 5 6 7 8 → 1 3 2 5 4 7 6 8

उसी प्रकार

C I R C U L A R → C R I U C A L R
1 2 3 4 5 6 7 8 → 1 3 2 5 4 7 6 8

दी गई सांकेतिक भाषा में प्रथम और अंतिम स्थिर हैं, जबकि इनके बीच के अक्षरों का जोड़ा आपस में परिवर्तित है।

**20. एक निश्चित भाषा में THANKS को HTNASK के रूप में कूट किया जाता है, तो उस भाषा में COMMON किस प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) OCOMMO (b) OCMOMN

(c) OCMMON (d) OCMMNO

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार

1 2 3 4 5 6 → 2 1 4 3 6 5
T H A N K S → H T N A S K

उसी प्रकार

1 2 3 4 5 6 → 2 1 4 3 6 5
C O M M O N → O C M M N O

**21. यदि REMOTE को सांकेतिक रूप में ROTEME लिखा जाता है, तो PNIICC को सांकेतिक रूप में क्या लिखा जाएगा?**

(a) PNIICC (b) PIICCN

(c) PINCIC (d) PICNIC

**उत्तर (d)**

जिस प्रकार

R E M O T E → R O T E M E
1 2 3 4 5 6 → 1 4 5 2 3 6

उसी प्रकार

P N I I C C → P I C N I C
1 2 3 4 5 6 → 1 4 5 2 3 6

अतः PNIICC = PICNIC होगा।

**22. यदि SYSTEM को किसी संकेत भाषा में SYSMET और NEARER को AENRER लिखा जाए, तो FRACTION को कैसे उसी संकेत भाषा में लिखा जाएगा?**

(a) CARFNOIT (b) NOITFRAC

(c) FRACNOIT (d) CARFTION

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार

S Y S T E M → S Y S M E T
1 2 3 4 5 6 → 3 2 1 6 5 4

तथा N E A R E R → A E N R E R
1 2 3 4 5 6 → 3 2 1 6 5 4

उसी प्रकार

F R A C T I O N → C A R F N O I T
1 2 3 4 5 6 7 8 → 4 3 2 1 8 7 6 5

उपरोक्त प्रश्न में सर्वप्रथम प्रारंभ के आधे अक्षर विपरीत क्रम में परिवर्तित हो जाते हैं तथा पुनः अंत के आधे अक्षर विपरीत क्रम में परिवर्तित हो जाते हैं।

**23. यदि निर्दिष्ट संकेत भाषा में INACTIVE को VITCANIE लिखा जाता है, तो उसी संकेत भाषा में COMPUTER कैसे लिखा जाएगा?**

(a) PMOCRETU (b) ETUPMOCR

(c) UTEPMOCR (d) MOCPETUR

**उत्तर (b)**

सांकेतिक भाषा में

जिस प्रकार

I N A C T I V E → V I T C A N I E
1 2 3 4 5 6 7 8 → 7 6 5 4 3 2 1 8

उसी प्रकार

C O M P U T E R → E T U P M O C R
1 2 3 4 5 6 7 8 → 7 6 5 4 3 2 1 8

**24. यदि किसी कोड में TIMBER को BERMIT लिखा जाता है, तो उसी कोड में BANTER को कैसे लिखेंगे?**

(a) RETNAB (b) TENBAR

(c) TERNAB (d) TABNER

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार

TIMBER → BERMIT
1 2 3 4 5 6 → 4 5 6 3 2 1

उसी प्रकार

BANTER → **TERNAB**
1 2 3 4 5 6 → 4 5 6 3 2 1

**25. यदि किसी निश्चित कूट में, CORRORATIONS को PROCTAROSNOI लिखा जाए, तो JUDICIAL को उस कूट में कैसे लिखा जाएगा?**

(a) IDUJLAIC (b) UJIDLAIC
(c) UJIDICLA (d) IDUJICLA

**उत्तर (a)**

सांकेतिक भाषा में

CORPORATIONS → PROCTAROSNOI
1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 → 4 3 2 1 8 7 6 5 12 11 10 9

∴ JUDICIAL → IDUJLAIC
1 2 3 4 5 6 7 8 → 4 3 2 1 8 7 6 5

**26. एक निश्चित संकेतानुसार 'MILLON' को 'IMLLON' लिखा जाता है। उसी संकेत में 'HILTON' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) IHTLON (b) IHLOTN
(c) IHTLNO (d) HILTNO

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार MILLON → IMLLON
1 2 3 4 5 6 → 2 1 4 3 5 6

उसी प्रकार HILTON → IHTLON
1 2 3 4 5 6 → 2 1 4 3 5 6

**27. किसी निश्चित कूट में MENTION को LNEITNO के रूप में लिखा जाता है। उस कूट में PATTERN को किस प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) ATAETNR (b) OTAETNR
(c) OTAESNR (d) STAETNR

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार

MENTION → LNEITNO
(M → L: -1) 1 2 3 4 5 6 → 2 1 4 3 6 5

उसी प्रकार

PATTERN → **OTAETNR**
(P → O: -1) 1 2 3 4 5 6 → 2 1 4 3 6 5

**द्वितीय विधि-**

जिस प्रकार MENTION शब्द में M अक्षर में एक घटाकर L तथा उसके आगे के अक्षर ENTION में क्रमशः दो-दो के जोड़े बनाकर EN,TI,ON को आपस में बदलकर L<u>NE</u> <u>IT</u> <u>NO</u> प्राप्त करते हैं उसी प्रकार PATTERN शब्द में P अक्षर में एक घटाकर O तथा उसके आगे के अक्षरों को दो के जोड़े में क्रमशः आपस में बदलकर O <u>TA</u> <u>ET</u> <u>NR</u> प्राप्त होगा।

**28. यदि एक कोड में 'EDITION' को 'IDETNOI' लिखा जाता है, तो उसे कोड में 'MEDICAL' कैसे लिखा जाएगा?**

(a) DEMILAC (b) LACIDME
(c) DIEMCAL (d) MCADILE

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार

EDITION = IDETNOI

बीच वाला अक्षर अपने स्थान पर ही है, जबकि प्रारंभिक एवं अंतिम 3 अक्षरों को उल्टे क्रम में लिखा गया है।

उसी प्रकार

MEDICAL = DEMILAC

**29. यदि DELHI का कूट 73541 है तथा CALCUTTA का कूट 82589662 है, तो CALICUT का कूट क्या होगा?**

(a) 8543691
(b) 5978213
(c) 8251896
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (c)**

सांकेतिक भाषा में-

D E L H I
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
7 3 5 4 1

C A L C U T T A
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
8 2 5 8 9 6 6 2

∴ CALICUT → 8251896

**30. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में PEAK को '3512' के रूप में और DINE को '6895' के रूप में लिखा जाता है। बताएं कि उसी सांकेतिक भाषा में KIND को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 2396 (b) 2986
(c) 2896 (d) 2596

**उत्तर (c)**

सांकेतिक भाषा में

P E A K और D I N E

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

3 5 1 2 6 8 9 5

∴ KIND को सांकेतिक भाषा में लिखने पर =2896

**31. यदि MINERAL को QRSTUVW और SOUND को ABCSD लिखा जाए, तो उस संकेत भाषा में READER को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) SBFEFS (b) UTVDTU

(c) TUDVUT (d) QDZCDQ

**उत्तर (b)**

सांकेतिक भाषा में

M I N E R A L तथा S O U N D

↓↓↓↓↓↓↓ ↓↓↓↓↓

Q R S TU VW A B C S D

उसी प्रकार

READER → UTVDTU

**32. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में EAT को 318 के रूप में और CHAIR को 24156 के रूप में लिखा जाए, तो बताएं कि उसी सांकेतिक भाषा में TEACHER को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 8312346 (b) 8321436

(c) 8312436 (d) 8313426

**उत्तर (c)**

यहां EAT= 318 तथा CHAIR = 24156

अर्थात् E = 3, A = 1, T = 8, C = 2, H = 4, I = 5, R = 6

∴ इस प्रकार-

TEACHER = 8312436

**33. यदि NOIDA को 39658 रूप में लिखा जाए तो बताएं कि INDIA को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 36568 (b) 63568

(c) 63569 (d) 65368

**उत्तर (b)**

यहां NOIDA = 39658

अर्थात N= 3, O = 9, I = 6, D = 5, A = 8

∴ INDIA = 63568

**34. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'APE' को '369' लिखा जाता है, तो बताएं कि 'PEA' को उस भाषा में कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 369 (b) 693

(c) 936 (d) 963

**उत्तर (b)**

दिया है A = 3, P = 6, E = 9

∴ PEA = 693

**35. यदि किसी सांकेतिक भाषा में RPQWF को STEAM और RGZQ को MORE लिखा जाता है, तो FQPZQ को उसी सांकेतिक भाषा में कैसे लिखा जाएगा?**

(a) TEAMS (b) MEETS

(c) METRE (d) METER

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार R = S, P = T, Q = E, W = A, F = M, G = O,

Z = R

∴ FQPZQ का सांकेतिक कोड = METRE

**36. किसी निश्चित कूट में SAGE को 4169 लिखा जाता है तथा PERT को 7928 लिखा जाता है। इसी कूट के आधार पर STEP को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 4987 (b) 4897

(c) 4387 (d) 4197

**उत्तर (b)**

दिया है

S = 4, A = 1, G = 6, E = 9

P = 7, R = 2, T = 8

∴ STEP → 4897

**37. यदि शब्द PORTER को MBNZQN के रूप में कोडित किया जाता है, तो REPORT को कैसे लिखा जा सकता है?**

(a) NBQMNZ (b) NQBMNZ

(c) NQMNBZ (d) NQMBNZ

**उत्तर (d)**

दिया है

P = M, O = B, R = N,

T = Z, E = Q

∴ REPORT → NQMBNZ

**38. एक विशेष कूट भाषा में FORMATION को ZSXTJOBSL तथा RACIAL को XJNBJQ लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में RATIONAL को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) XJOBSJLO (b) XJOBSLJO

(c) JXOBSJLQ (d) XJOBSLJQ

**उत्तर (d)**

दिया है

R= X, A = J, T = O,

I = B, O = S

N = L, L = Q

∴ सांकेतिक भाषा में-

RATIONAL → XJOBSLJQ

**39. यदि UNIVERSITY का कोड 1273948756 है, तो TRUSTY को उसी कोड में कैसे लिखेंगे?**

(a) 542856 (b) 531856

(c) 541956 (d) 541856

**उत्तर (d)**

सांकेतिक भाषा में

U N I V E R S I T Y

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

1 2 7 3 9 4 8 7 5 6

∴ TRUSTY → 541856

**40. एक संकेत प्रणाली में SHEEP को GAXXR और BLEAT को HPXTN लिखा जाता है। उसी संकेत प्रणाली में SLATE को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) GPTNX (b) GPTXN

(c) GPXNT (d) POGXN

**उत्तर (a)**

सांकेतिक भाषा में

S H E E P और B L E A T

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

G A X X R H P X T N

∴ उसी सांकेतिक प्रणाली में

SLATE → GPTNX

**41. यदि MILITARY को 12324567 के रूप में लिखा जाए, तो उसी संकेत भाषा में LIMIT को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 12324 (b) 42125

(c) 32124 (d) 42123

**उत्तर (c)**

सांकेतिक भाषा में-

M I L I T A R Y

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

1 2 3 2 4 5 6 7

∴ LIMIT का सांकेतिक कोड = 32124

**42. यदि 'EARTH' शब्द को 'QPMZS' के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी कोड में 'HEART' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) SQMPZ (b) SQPZM

(c) SQPMZ (d) SPQZM

**उत्तर (c)**

दिया है-

E = Q, A = P, R = M, T = Z तथा H = S

अतः HEART = SQPMZ

**43. यदि किसी विशेष भाषा में KINDLE को ELDNIK के रूप में कूटित किया जाता है, तो उस भाषा में EXOTIC को कैसे कूटित किया जाएगा?**

(a) EOXITC (b) EXOTIC

(c) CITOXE (d) COXITE

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार KINDLE को उल्टा (अंत से) लिखने पर ELDNIK प्राप्त होता है, उसी प्रकार EXOTIC को उल्टा (अंत से) लिखने पर CITOXE प्राप्त होता है।

**44. एक निश्चित कोड भाषा में HAND को SZMW रूप में लिखा जाता है। बताएं कि उसी कोड भाषा में MILK को किस रूप में लिखा जाएगा?**

(a) ORNP (b) PNRO

(c) NROP (d) RNOP

**उत्तर (c)**

जिस प्रकार

| अंग्रेजी वर्णमाला के सीधे क्रम से अक्षरों का स्थान | H | A | N | D | = | S | Z | M | W | अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम से अक्षरों का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | |
| | 8 | 1 | 14 | 4 | | 8 | 1 | 14 | 4 | |

उसी प्रकार

| अंग्रेजी वर्णमाला के सीधे क्रम से अक्षरों का स्थान | M | I | L | K | = | N | R | O | P | अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम से अक्षरों का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | |
| | 13 | 9 | 12 | 11 | | 13 | 9 | 12 | 11 | |

∴ MILK = NROP

**45. यदि किसी सांकेतिक भाषा में CEJO को XVQL के रूप में लिखा जाए, तो उसी सांकेतिक भाषा में BDIP को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) WURQ (b) YWRK

(c) WUPI (d) YWPI

**उत्तर (b)**

सांकेतिक भाषा में-

C E J O ⟶ X V Q L

(वर्णमाला के सीधे क्रम में) (वर्णमाला के उल्टे क्रम में)

इसी प्रकार

B D I P ⟶ Y W R K

(वर्णमाला के सीधे क्रम में) (वर्णमाला के उल्टे क्रम)

**46. यदि किसी संकेत रूप में INDIA को RMWRZ लिखा जाता है, तो CHINA को उस संकेत रूप में क्या लिखा जाएगा?**

(a) YRSNZ (b) XSRMZ

(c) XRSMZ (d) YSRMZ

उत्तर (b)

जिस प्रकार

| | |
|---|---|
| I N D I A ⇒ | R M W R Z |
| ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ | ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ |
| 9 14 4 9 1 ⇒ | 9 14 4 9 1 |
| अंग्रेजी वर्णमाला के सीधे क्रम क्रम से अक्षरों का स्थान | अंग्रेजी वर्णमाला के उल्टे से अक्षरों का स्थान |

उसी प्रकार

| | |
|---|---|
| C H I N A ⇒ | X S R M Z |
| ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ | ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ |
| 3 8 9 14 1 ⇒ | 3 8 9 14 1 |
| अंग्रेजी वर्णमाला के सीधे क्रम से अक्षरों का स्थान | अंग्रेजी वर्णमाला के उल्टे क्रम से अक्षरों का स्थान |

**47. यदि एक सांकेतिक भाषा में PAINT को 74128 के रूप में और EXCEL को 93596 के रूप में लिखा जाए, तो बताएं कि उसी भाषा में ACCEPT को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 455978 (c) 544978

(c) 554978 (d) 733961

उत्तर (a)

यहां PAINT= 74128

EXCEL = 93596

अर्थात P = 7, A = 4, I = 1, N =2, T = 8, E = 9, X=3, C = 5, L = 6

∴ ACCEPT =455978

**48. यदि एक सांकेतिक भाषा में MINERAL को QRSTUVW के रूप में और SOUND को ABCSD के रूप में लिखा जाता है, तो बताएं कि उसी भाषा में READER को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) SBFEFS

(b) UTVDTU

(c) TUDVUT

(d) QDZCDQ

उत्तर (b)

यहां MINERAL ⇒ QRSTUVW

SOUND ⇒ ABCSD

अर्थात M =Q, I = R, N = S, E = T, R = U, A = V, L = W, S = A, O = B, U = C, N = S तथा D = D

∴ READER ⇒UTVDTU

**49. अगर G है 1 उसी प्रकार O है 2, S है 3, R है 4, N है 5, T है 6, तो STRONG का संख्यात्मक रूप क्या होगा?**

(a) 364251 (b) 364215

(c) 364521 (d) 346251

उत्तर (a)

दिया है

G = 1, O = 2, S = 3, R = 4, N = 5, T = 6

∴ STRONG → 364251

**50. यदि DELHI= 25, MUMBAI =36 और KOLKATA =49 है, तो CHENNAI का मान है—**

(a) 81 (b) 16

(c) 49 (d) 18

उत्तर (c)

शब्द DELHI में अक्षरों की संख्या =5

∴ DELHI= $5^2$ ⇒25

इसी प्रकार MUMBAI = $6^2$

∴ =36

KOLKATA = $7^2$ = 49

∴ CHENNAI = 7 (वर्णमाला में अक्षरों की संख्या)

∴ = $7^2$ ⇒49

**51. यदि PUNJAB MAIL=30, SHAHEED EXPRESS =42, GODAN EXPRESS= 36 हो, तो MUMBAI MAIL का मान है—**

(a) 30 (b) 24

(c) 44 (d) 69

उत्तर (a)

PUNJAB MAIL में वर्णमाला में अक्षरों की संख्या =10

सांकेतिक भाषा में PUNJAB MAIL = 10 × 3 = 30

SHAHEED EXPRESS = 14 (वर्णमाला में अक्षरों की संख्या)

= 14 × 3 (सांकेतिक भाषा में)

=42

इसी प्रकार

GODAN EXPRESS= 36

∴ MUMBAI MAIL = 10 (वर्णमाला में अक्षरों की संख्या)

= 10 × 3

= 30 (सांकेतिक भाषा में)

**52. यदि OOTY= 4, SHIMLA =6, DARJEELING = 10 है, तो NAINITAL का मान क्या है?**

(a) 8 (b) 18

(c) 12 (d) 14

उत्तर (a)

दिए गए शब्द में जितनी संख्या में अक्षर है उसे लिखा गया है, अर्थात

OOTY = 4

SHIMLA = 6

DARJEELING = 10

∴ NAINITAL = 8

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

53. **यदि DRIVER = 12, PEDESTRIAN = 20, ACCIDENT = 16 हो, तो CAR = ?**

(a) 3 (b) 6

(c) 8 (d) 10

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार DRIVER = अक्षर संख्या × 2 = 6 × 2 = 12

PEDESTRIAN = अक्षर संख्या × 2 = 10 × 2 = 20

तथा ACCIDENT = अक्षर संख्या × 2 = 8 × 2 = 16

उसी प्रकार CAR = अक्षर संख्या × 2 = 3 × 2 ⇒ 6 होगा।

54. **यदि REASON को 5 के रूप में और BELIEVED को 7 के रूप में कोड किया जाए, तो बताएं कि GOVERNMENT का कोड क्या होगा?**

(a) 9 (b) 8

(c) 6 (d) 10

**उत्तर (a)**

REASON के अक्षरों की संख्या = 6

सांकेतिक भाषा में REASON का कोड = 6 – 1 = 5

BELIEVED = 8 – 1 = 7

इसी प्रकार

∴ GOVERNMENT के अक्षरों की संख्या = 10

∴ GOVERNMENT का कोड = 10 – 1 ⇒ 9

55. **METAL का जो संबंध CONDUCTION से है, ठीक वही संबंध PLASTIC का इनमें से किससे है?**

(a) PETROCHEMICALS

(b) INDUSTRIES

(c) INFLAMMATION

(d) INSULATION

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार

METAL = 5 × 2 = 10 ⇒ CONDUCTION

उसी प्रकार

PLASTIC = 7 × 2 = 14 ⇒ PETROCHEMICALS

56. **यदि 'Driver' = 12**

**'Walk on foot' = 20**

**'Accident' = 16**

**तो 'Car' = ?**

(a) 3 (b) 6

(c) 9 (d) 18

**उत्तर (b)**

जिस प्रकार

'Driver' = Driver = 6 × 2 ⇒ 12

'Walk on Foot' = Walk onfoot = 10 × 2 ⇒ 20

'Accident' = Accident = 8 × 2 ⇒ 16

उसी प्रकार

Car = 3 × 2 ⇒ 6

57. **यदि 5 + 7 = 21 है एवं 9 + 4 = 31 है, तो 7 + 9 = ?**

(a) 61 (b) 71

(c) 41 (d) 51

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार 5 + 7 = 12 = 21

तथा 9 + 4 = 13 = 31

उसी प्रकार 7 + 9 = 16 ⇒ 61

58. **यदि 879 = 8, 625 = 1 और 586 = 9 हो, तो 785 = ?**

(a) 6 (b) 7

(c) 8 (d) 9

**उत्तर (a)**

जिस प्रकार

879 = 9 – (8 – 7)

= 9 – 1

= 8

यदि 8 को (a) माने, 7 को b तथा 9 को c माने तो कूट प्राप्त करने हेतु समीकरण निम्न प्रकार होगा- c – (a – b)

इसी प्रकार

625 = 5 – (6 – 2)

= 5 – 4

= 1

586 = 6 – (5 – 8)

= 6 – (–3) = 9

∴ संख्या 785 को इसी प्रकार परिवर्तित करने पर

785 = 5 – (7 – 8)

= 5 – (–1)

= 5 + 1 ⇒ 6

59. **यदि 2 & 6% 7 = 33, 4 & 6% 8 = 54 हो, तो 6 & 8% 9 का मान कितना होगा?**

(a) 95 (b) 77

(c) 99 (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (b)**

2 & 6% 7 = 33

यदि 6 और 7 को जोड़कर इकाई के अंक को लिखकर दहाई का अंक 2 में जोड़ें तो 33 प्राप्त होगा।

2 & 6 + 7
2 & 13 = 33
इसी प्रकार, 4 & 6% 8
= 4 & 6 + 8
= 4 & 14 = 54
अतः 6 & 8% 9, 6 & 8 + 9 = 77

**60. किसी कूट में 1 को 1 लिखा जाता है, 2 को 4 लिखा जाता है तथा 3 को 9 लिखा जाता है।**
**इस कूट में 4231 को लिखा जाएगा—**

(a) 8941 (b) 16491
(c) 16492 (d) 16941

**उत्तर (b)**

कूट में 1 = 1, 2 = 4, 3 = 9
अतः कूट में $1^2 = 1$, $2^2 = 4$, $3^2 = 9$ लिखा गया है इसलिए $4^2 =$ 16 लिखा जाएगा
∴ उसी कूट में 4231 ⇒ 16491

**61. किसी कूट में 1 को 2 लिखा जाता है, 3 को 4 लिखा जाता है और 2 को 3 लिखा जाता है। कूट में 123 को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 324 (b) 432
(c) 342 (d) 234

**उत्तर (d)**

यहां 1 = 2, 2 = 3, 3 = 4
तब इसी कूट में 123 = 234

**62. अगर 6234518 में स्थित सभी विषम संख्याओं को अगले सम संख्या में बदला जाए और सम संख्याओं को उसी तरह रहने दिया जाए, तो नई संख्या में कितने अंक सिर्फ एक बार आएंगे?**

(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) एक

**उत्तर (d)**

दी गई संख्या = 6234518
प्रश्नानुसार विषम संख्याओं को बदलने पर = 6244628
उपरोक्त से स्पष्ट है कि संख्या 8 का अंक केवल एक बार आया है।

**63. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में '123' से अभिप्राय 'गर्म फिल्टर्ड कॉफी', '356' से अभिप्राय 'बहुत गर्म दिन' और '589' से अभिप्राय 'दिन और रात' से है। बताएं कि 'बहुत' के लिए कौन-सा अंक है?**

(a) 9 (b) 5
(c) 8 (d) 6

**उत्तर (d)**

प्रश्नानुसार 1 2 (3) → (गर्म) फिल्टर्ड कॉफी ........(i)
(3) [5] 6 → बहुत (गर्म) [दिन] ........(ii)
[5] 8 9 → [दिन] और रात ........(iii)
समीकरण (ii) से 35 → गर्म दिन
∴ 6 → बहुत

**64. एक निश्चित संकेत में '253' का अर्थ होता है 'books are old' '546' का अर्थ होता है 'man is old' है और '378' का अर्थ होता है 'buy good books' तो उसी सांकेतिक में old का क्या कूट है?**

(a) 2 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**उत्तर (c)**

सांकेतिक भाषा में-
2 (5) [3] → [books] are (old) ......(i)
(5) 46 → man is (old) ......(ii)
[3] 78 → buy good [books]
समी. (i) व (ii) से कॉमन शब्दों के आधार पर स्पष्ट है old का कूट '5' होगा।

**65. यहां कुछ शब्द दिए जा रहे हैं, जिन्हें किसी कृत्रिम भाषा से अनुवाद किया गया है—**
granamelke का अर्थ है big tree
pinimelke का अर्थ है little tree
melkehoon का अर्थ है tree house
**कौन-से शब्द का अर्थ big house होगा?**

(a) pinihoon (b) melkegrana
(c) granahoon (d) pinishur

**उत्तर (c)**

सांकेतिक भाषा में-
grana(melke) → big (tree)
Pini(melke) → little (tree)
(melke)hoon → (tree) house
∴ big house → granahoon

**66. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में, 'lee ra de' से अभिप्राय 'what was it', 'mo nil' से अभिप्राय 'you go', 'nil pom ra' से अभिप्राय 'you like it' और 'tok lee fo' से अभिप्राय 'she was sick' हो, तो उस सांकेतिक भाषा में, 'what you like' को कैसे लिखा जाएगा?**

(a) nil ra lee (b) de nil pom
(c) pom nil ra (d) pom ra lee

**उत्तर (b)**

सांकेतिक भाषा में-
[Lee] [ra] de → what [was] [it]
mo (nil) → (you) go
(nil) pom [ra] → (you) like [it]
tok [Lee] fo → she [was] sick
∴ what का कूट = de

you का कूट =nil
Like का कूट = Pom
∴ What you like → de nil Pom

67. एक निश्चित कोड में, '467' से अभिप्राय है 'leaves are green', '485' से अभिप्राय है 'green is good' और '639' से अभिप्राय 'they are playing' हो, तो उस निश्चित कोड में 'leaves' के लिए क्या कोड है?

(a) 4 (b) 6
(c) 7 (d) 3

उत्तर (c)

सांकेतिक भाषा में
467 → leaves are green
485 → green is good
639 → they are playing
∴ leaves का सांकेतिक कोड =7

68. यदि किसी संकेत भाषा में '324' का अर्थ है 'Light is bright', '629' का अर्थ है 'Girl is beautiful' तथा '4758' का अर्थ है 'I prefer bright clothes' तो इस भाषा में किस संख्या का अर्थ 'Light' है?

(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 7

उत्तर (a)

सांकेतिक भाषा में-
324 → Light is bright
629 → Girl is beautiful
4758 → I prefer bright clothes
∴ Light का सांकेतिक कोड =3

69. यदि 'ski rps tri' से अभिप्राय 'nice Sunday morning', 'teh sti rps' से अभिप्राय 'every Tuesday morning' और 'ski pr qlm' से अभिप्राय 'nice market place' हो, तो 'Sunday' के लिए क्या शब्द होगा?

(a) ski (b) tri
(c) rps (d) qlm

उत्तर (b)

सांकेतिक भाषा में-
ski rps tri → nice sunday morning
teh sti rps → every tuesday morning
ski pr qlm → nice market place
∴ Sunday का सांकेतिक कोड =tri

70. किसी कूट भाषा में, DISTANCE को IDTUBECN लिखा जाता है और DOCUMENT को ODDVNTNE लिखा जाता है। इस भाषा में THURSDAY को किस तरह लिखा जाएगा?

(a) HTVSTYDA (b) HTVSTYAD
(c) DTVSTEYA (d) HTTQRYAD

उत्तर (b)

1 2 3 4 5
D I S T A N C E
I D T U B E C N
2 1 5 4 3
अर्थात बॉक्स वाले वर्णों में प्रत्येक में अगला वर्ण आता है।
इसी प्रकार,

1 2 3 4 5 1 2 3 4 5
D O C U M E N T ∴ T H U R S D A Y
O D D V N T N E तथा H T V S T Y A D
2 1 5 4 3 2 1 5 4 3

अत: THURSDAY का कोड HTVSTYAD होगा।

71. यदि एक निश्चित भाषा में 'oka peru' से अभिप्राय 'fine cloth' हो, 'meta lisa' से अभिप्राय 'clear water' हो और 'dona lisa peru' से अभिप्राय 'fine clear weather' हो, तो बताएं उस भाषा में 'weather' से क्या अभिप्राय है?

(a) peru (b) oka
(c) meta (d) dona

उत्तर (d)

oka peru ⇒ fine cloth ...(i)
meta lisa ⇒ clear water ...(ii)
dona lisa peru ⇒ fine clear weather ...(iii)
∴ समी. (iii) से dona ⇒ weather

72. यदि एक निश्चित भाषा में '786' से अभिप्राय 'study very hard' हो, '958' से अभिप्राय 'hard work pays' हो और '645' से अभिप्राय 'study and work' हो, तो बताएं उस भाषा में 'very' के लिए निम्न में कौन-सा उस सांकेतिक भाषा का अंक है?

(a) 8 (b) 6
(c) 7
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उत्तर (c)

7 [8] (6) ⇒ (study) very [hard] .....(i)

9 (5) [8] ⇒ [hard] (work) pays .....(ii)

(6) 4 [5] ⇒ (study) and (work) .....(iii)

∴ समी. (i) से 7 ⇒ Very

**73. यदि सफेद को लाल, लाल को पीला, पीला को हरा तथा हरा को नीला कहा जाए, तो हल्दी का रंग क्या होगा?**

(a) लाल

(b) नीला

(c) पीला

(d) हरा

**उत्तर (d)**

हल्दी का रंग पीला होता है तथा प्रश्न में पीला को हरा कहा गया है। अतः हल्दी का रंग हरा होगा।

**74. किसी कूट भाषा में 256 का मतलब "You are good", 637 का मतलब "We are bad", 358 का मतलब "Good and bad" है, तो 'and' का कोड क्या होगा?**

(a) 8 (b) 2

(c) 3 (d) 5

**उत्तर (a)**

दिए गए कूटों की तुलना करने पर

256 ⟶ You are good .......... (i)

637 ⟶ we are bad .......... (ii)

और 358 ⟶ good and bad ..........(iii)

समी. (i) और (ii) की तुलना करने पर

are ⟶ 6

समी. (i) और (iii) की तुलना करने पर

good ⟶ 5

समी. (ii) और (iii) की तुलना करने पर

bad ⟶ 3

समी. (iii) से

and ⟶ 8

**75. यदि किसी भाषा में रबड़ को 'बक्सा', 'बक्सा' को 'पेंसिल', 'पेंसिल' को 'शार्पनर' और 'शार्पनर' को 'बैग' कहा जाए, तो एक बच्चा किस चीज द्वारा लिखेगा?**

(a) रबड़ (b) बक्सा

(c) पेंसिल (d) शार्पनर

**उत्तर (d)**

बच्चा पेंसिल से लिखेगा तथा यहां पेंसिल को शार्पनर कहा गया है।

**76. यदि हरे का अर्थ लाल, लाल का अर्थ पीला, पीले का अर्थ नीला, नीले का अर्थ नारंगी और नारंगी का अर्थ हरा हो, तो स्वच्छ आकाश का रंग कैसा होगा?**

(a) नीला (b) लाल

(c) नारंगी (d) हरा

**उत्तर (c)**

चूंकि स्वच्छ आकाश का रंग नीला होता है और नीला का अर्थ नारंगी है। इसलिए स्वच्छ आकाश का रंग नारंगी होगा।

**77. यदि 'नारंगी' को 'मक्खन' कहा जाए, 'मक्खन' को 'साबुन' कहा जाए, 'साबुन' को 'स्याही' कहा जाए, 'स्याही' को 'शहद' कहा जाए और 'शहद' को 'नारंगी' कहा जाए, तो कपड़े धोने के लिए निम्नलिखित में से कौन काम में आता है?**

(a) शहद (b) मक्खन

(c) नारंगी (d) साबुन

(e) स्याही

**उत्तर (e)**

चूंकि कपड़ा धोने के लिए साबुन काम में आता है और साबुन को स्याही कहा गया है। इसलिए कपड़ा धोने के लिए स्याही काम में आएगी।

**78. यदि 'आसमान' 'तारा' हो, 'तारा' 'बादल' हो, 'बादल' 'धरती' हो, 'धरती' 'वृक्ष' हो और 'वृक्ष' 'पुस्तक' हो तो बताएं कि पक्षी कहां उड़ेंगे?**

(a) बादल में

(b) आसमान में

(c) तारा में

(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं

**उत्तर (c)**

पक्षी आकाश (आसमान) में उड़ते हैं एवं यहां पर आसमान को तारा कहा गया है इसलिए पक्षी, तारा में उड़ेंगे।

**79. यदि बल्ला 'रैकेट' है, रैकेट 'फुटबॉल' है, फुटबॉल 'शटल' है व शटल 'लूडो' है और लूडो 'कैरम' है, तो क्रिकेट किसके साथ खेला जाएगा?**

(a) रैकेट

(b) फुटबॉल

(c) बल्ला

(d) शटल

**उत्तर (a)**

क्रिकेट, बल्ला से खेला जाता है परंतु बल्ला को प्रश्न में रैकेट कहा गया है। अतः क्रिकेट रैकेट से खेला जाएगा।

**80. यदि चम्मच को 'प्लेट' कहा जाए, प्लेट को 'चाकू' कहा जाए, चाकू को 'गिलास' कहा जाए, गिलास को 'तश्तरी' कहा जाए तथा तश्तरी को 'चम्मच' कहा जाए, तो फल को किससे काटा जा सकता है ?**

(a) चम्मच

(b) जग

(c) गिलास

(d) तश्तरी

**उत्तर (c)**

प्रश्न में चाकू को गिलास कहा गया है। अतः फल काटने के लिए गिलास का प्रयोग किया जाएगा।

**81. यदि 'चूहे' को 'कुत्ता' कहा जाए, 'कुत्ते' को 'नेवला', 'नेवला' को 'शेर', 'शेर' को 'सांप' और 'सांप' को 'हाथी' कहा जाए तो बताएं कि पालतू के रूप में किसे पाला जाएगा?**

(a) चूहा (b) कुत्ता

(c) नेवला (d) शेर

**उत्तर (c)**

पालतू जानवर के रूप में हम, 'कुत्ते' को पालते हैं परंतु यहां 'कुत्ते' को 'नेवला' कहा गया है, इसलिए हम पालतू के रूप में 'नेवले' को पालेंगे।

**82. यदि 'संतरे' 'सेब' हों, 'केले' 'खूमानी' हो, 'सेब' 'मिर्च' हों, 'खूमानी' 'संतरे' हों और 'मिर्चें' 'केले' हों, तो निम्न में किसका रंग हरा है?**

(a) खूमानी (b) सेब

(c) मिर्चें (d) केले

**उत्तर (d)**

मिर्च का रंग हरा होता है एवं यहां मिर्च को केला कहा गया है, इसलिए प्रश्नानुसार केले का रंग हरा होगा।

**83. यदि 'ट्रक' को 'ट्रेन', 'ट्रेन' को 'ट्रैक्टर', 'ट्रैक्टर' को 'शिप', 'शिप' को 'हवाई जहाज', 'हवाई जहाज' को 'बुलडोजर' व 'बुलडोजर' को 'स्कूटर' कहा जाए, तो निम्न में से क्या उड़ सकता है?**

(a) हवाई जहाज

(b) ट्रैक्टर

(c) बुलडोजर

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (c)**

जैसा की हमें ज्ञात है कि हवाई जहाज उड़ सकता है तथा प्रश्न हवाई जहाज को बुलडोजर कहा गया है। अतः बुलडोजर उड़ सकता है।

**84. यदि किसी भाषा में 'अंगुली' को 'पादांगुली' कहा जाता है, 'पादांगुली' को 'पांव' कहा जाता है, 'पांव' को 'अंगूठा' कहा जाता है, 'अंगूठे' को 'टखना' कहा जाता है, 'टखने' को 'हथेली' और 'हथेली' को 'घुटना' कहा जाता है, तो इस भाषा में कोई निरक्षर आदमी अपने हस्ताक्षर किससे चिह्नित करेगा?**

(a) अंगूठा

(b) टखना

(c) पादांगुली

(d) घुटना

**उत्तर (b)**

निरक्षर आदमी अपना हस्ताक्षर अंगूठा से चिह्नित करता है तथा प्रश्न में अंगूठे को टखना कहा गया है। अतः निरक्षर आदमी अपना हस्ताक्षर टखना से चिह्नित करेगा।

**85. यदि मछली को 'जल', जल को 'साबुन', साबुन को 'पागल' तथा पागल को 'चाभी' कहते हैं, तो मछली कहां रहती है?**

(a) साबुन में (b) जल में

(c) पागल में (d) चाभी में

**उत्तर (a)**

∵ मछली जल में रहती है तथा प्रश्न में जल को साबुन कहा गया है। अतः मछली साबुन में रहेगी।

**86. किसी निश्चित कूट में काला का अर्थ 'बैंगनी' है, 'बैंगनी' का अर्थ 'हरा' है, 'हरा' का अर्थ 'सफेद' है, 'सफेद' का अर्थ 'पीला' है, 'पीला' का अर्थ 'आसमानी नीला' है, तो बताइए घास का रंग क्या है?**

(a) सफेद (b) हरा

(c) काला (d) बैंगनी

**उत्तर (a)**

चूंकि घास का रंग हरा होता है तथा प्रश्न में हरा को सफेद कहा गया है। अतः घास का रंग सफेद है।

**87. यदि 'नक्षत्र' को 'ग्रह' कहा जाए, 'ग्रह' को 'उपग्रह', 'उपग्रह' को 'मंदाकिनी' कहा जाए, 'मंदाकिनी' को 'धूमकेतु' कहा जाए तो, 'पृथ्वी' को कौन-से वर्ग के अंतर्गत वर्गीकरण होगा?**

(a) धूमकेतु

(b) उपग्रह

(c) ग्रह

(d) मंदाकिनी

**उत्तर (b)**

∵ पृथ्वी ग्रह वर्ग के अंतर्गत आता है तथा प्रश्न में ग्रह को उपग्रह कहा गया है। अतः पृथ्वी उपग्रह वर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत होगा।